## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय की आवेदन तिथि 13 तक बढ़ी

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आवेदन निःशुल्क हैं और इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### नशा मुक्त भारत के लिए चलाएं संयुक्त अभियान

**करनाल।** लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड बैठक में एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि नशा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है, इसे जड़ से खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेज के 200 मीटर दायरे में नशीले पदार्थ बेचने वाली कोई भी दुकान नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के डॉ. पंकज सैनी, पुलिस विभाग के डीएसपी संदीप कुमार, रेडक्रॉस सोसायटी सचिव कुलबीर मलिक, डीईओ सुदेश ठुकराल सहित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशे से प्रभावित गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाएं।

### वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के छात्र चमके

**करनाल।** वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग में अंश ने स्वर्ण पदक, डिस्कस थ्रो में नमन शर्मा ने रजत पदक, खो-खो में ईशान शर्मा ने उच्च स्थान हासिल किया। कराटे में हैरी ने रजत और आर्यन कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्या तनुजा सचदेवा, उप प्रधानाचार्य सागर रतन, निदेशक वीना गुप्ता और प्रबंधक शीतल जैन ने छात्रों को बधाई दी। पी.टी.आई सुमित व कोमल के मार्गदर्शन को सराहा गया।

### नई अनाज मंडी में श्याम महोत्सव 2 को

**तरावड़ी।** श्री श्याम सालासर कृपा मंडल तरावड़ी की ओर से तीसरे श्री श्याम महोत्सव एवं अमृतमय भंडारे का आयोजन शनिवार 2 अगस्त को सांय 6 बजे तरावड़ी की नई अनाज मंडी में किया जाएगा। यह जानकारी श्री श्याम सालासर कृपा मंडल तरावड़ी के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल रिंकू ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन पहले दयाराम मंदिर में होना था, लेकिन मौसम को देखते हुए नई अनाज मंडी में रखवाया गया है। तीसरे श्याम महोत्सव में भजन गायक हेमंत ललित, डीके. राजा व संस्कृति राजपुत समेत कई भजन गायक भजनों का गुणगान करेंगे।

### श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में भजनों की गूंज

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में सावन माह के 20वें दिन मेला सावन दा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित अनिल द्विवेदी और पंडित अनिल आचार्य ने यजमान भारत एवं दीपांशी से भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करवाई। भजन संध्या में वीना सेठ ने "लुट रहा भोले का खजाना" और अनु खट्टर ने "सुन गोरा मां पार्वती" भजन गाए। इस अवसर पर श्री राम मंदिर चिकित्सालय में सेवारत डा. आर.के. सचदेवा और राज सचदेवा ने विवाह वर्षगांठ भोलेनाथ के चरणों में मनाई। यक्षित का जन्मदिन भी मंदिर में मनाया गया। यजमानों को भोलेनाथ का सुंदर स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया।

## भाजपा सरकार कार्यकर्ताओं की कई पीढ़ियों की तपस्या का परिणाम : बड़ौली

# राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**14 अगस्त को फरीदाबाद में राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन होगा, जिसमें सीएम नायब होंगे मुख्य अतिथि**

हरिभूमि न्यूज़ करनाल।



करनाल। राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को बैठक।



करनाल। बैठक में मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व अन्य।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बुधवार को करनाल स्थित पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की बैठक ली। इस बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, मेयर रेणुबाला गुप्ता, चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, नरेन्द्र सिंह, साहिल मदान, दीपक शर्मा, प्रियंका काठपाल, संयोगिता गुप्ता सहित सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री मौजूद रहे।

बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार कार्यकर्ताओं की कई पीढ़ियों की तपस्या और निःस्वार्थ परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को फरीदाबाद में राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सभी मंत्री, विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। जिला स्तर पर भी विभाजन विभीषिका पर आधारित कार्यक्रम और त्रिरंगा यात्राएं आयोजित की जाएंगी। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के मेरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सेना पर सवाल उठाकर देश को कमजोर कर रही है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही है। विपक्ष केवल स्वार्थ के लिए जनता को गुमराह कर रहा है। मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन अब 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी को लेकर काम कर रहा है। पार्टी का हर कार्यकर्ता हर समय चुनावी मोड में रहता है और बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है।



### स्कूल में मनाया शहीद उधम सिंह शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज़ करनाल। राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर-13 में भारत स्काउट एवं गाइड की कब-बुलबुल इकाई द्वारा शहीद उधम सिंह शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त कब-बुलबुल अनिल सैनी ने छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी सपना पुरी, शिक्षक दलीप सिंह, प्रमिला, रिचा, कर्ण सिंह, सुनील अरोड़ा, भारती, रेखा सैनी, अनामिका, अंजू डागर, अंजू रानी, सुमन, डिंपी, कमलेश सहित कई अभिभावक मौजूद रहे। छात्रों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### चार अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

असंध। जिला नगर योजनाकार गुंजन की अगुवाई में बुधवार को असंध में चार अवैध कॉलोनियों पर बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। यह कॉलोनियां सफीदो रोड, सालवन रोड, बस स्टैंड के पीछे और रत्तक रोड पर फैली हुई थीं। कार्रवाई के दौरान 20 से अधिक डीपीसी, निर्माणाधीन मकान, डीलर कार्यालय और सीवर नेटवर्क ध्वस्त किए गए। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और थाना असंध पुलिस टीम भी मौजूद रही। किसी भी हालत में अवैध कॉलोनियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई होगी।"

# श्रीराम कथा के छठे दिन सुंदर झाकियां देख भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। कथा श्रवण करती श्रद्धालु महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

श्री महाकाली महाकालेश्वर सिद्धपीठ मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। परम श्रद्धेय आचार्य श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के आध्यात्मिक प्रवचनों ने श्रोताओं को रामभक्ति में सराबोर कर दिया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने पूरे मनोयोग से प्रवचनों का श्रवण किया। रामकथा में श्री पंचदृशनम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ अध्यक्ष श्री महन्त प्रेम गिरि महाराज के शिष्य महंत चन्द्रानंद गिरि नागेश्वर आश्रम के पीठाधीश्वर के अलावा उत्तरप्रदेश से अरूण सिंघल, अवधेश यादव, आश्रम सेवक गुरू कृपा पात्र सुमित समेत कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। आचार्य श्रीराम प्रपन्नाचार्य जी ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रामकथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ दिशा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन सत्य, कर्तव्य और धर्म के पालन की प्रेरणा देता है। कथा के समापन पर संगीतमय आरती का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों, भक्तों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। आरती के दौरान वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### छात्रों खंड स्तरीय खेल में परचम लहराया

**करनाल।** बाबा राम दास विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता दो दिन तक चली, जिसमें विद्यालय की टीमों ने वॉलीबाल, कबड्डी, फुटबॉल, दौड़, तैराकी और ताइक्वांडो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

विद्यालय की वॉलीबाल टीम-14 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वॉलीबाल टीम-17 तीसरे स्थान पर रही और वॉलीबाल टीम-19 ने दूसरा स्थान हासिल किया। कबड्डी की टीम-14 और टीम-17 दोनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल-17 टीम द्वितीय स्थान पर रही। व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में 400 मीटर दौड़ में यक्ष पाल ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।

# सावन ज्योत महोत्सव की तैयारियां पूरी, दो को निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सावन ज्योत महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक करते किशोर नागपाल, कैलाश सचदेवा व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

श्री सावन ज्योत सभा करनाल की ओर से 27वां सावन ज्योत महोत्सव इस बार भी श्रद्धा व उत्साह से मनाया जाएगा। सभा के प्रधान किशोर नागपाल व चेयरमैन कैलाश सचदेवा ने बताया कि 2 अगस्त (शनिवार) को शाम 5 बजे सनातन धर्म मंदिर, कुंजपुरा रोड से परम पूजनीय श्री 108 जगत राज जी महाराज (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा, विधायक जगमोहन आनन्द और मेयर रेणु बाला गुप्ता मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शोभायात्रा शहर के प्रमुख बाजारों से होकर सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट पहुंचेगी, जहां 'एक शाम भोले के नाम' सांस्कृतिक संध्या व भंडारा होगा। सभा ने बताया कि व्यापारियों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार लगाए जाएंगे और आकर्षक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहेंगी। 3 अगस्त (रविवार) को शाम 6 बजे हरिद्वार के जगदीश स्वरूप आश्रम, भीमगोडा से भी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें पूर्व मंत्री व ऋषिकेश विधायक प्रेम चन्द अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे। सभा की बैठक में जतिंद्र कटारिया, सचिन, अजय दीवान, गुरशरण चौधरी, गुलशन छाबड़ा, शाम छाबड़ा आदि रहे।

# बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 18 मेडल जीते

- कर्ण स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय बेडमिंटन चैंपियनशिप में बी-24 बेडमिंटन अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कर्ण स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय बेडमिंटन चैंपियनशिप में बी-24 बेडमिंटन अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक जीते। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। अकादमी के संचालक नरेंद्र कुकरेजा और रविंद्र भाटिया ने बताया कि खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और युगल मुकाबलों में शानदार खेल दिखाया। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में रवि भाटिया ने गोल्ड मेडल जीता। लड़कों के एकल मुकाबले में अंडर-9 आयु वर्ग में आदिश ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अंडर-11 में यशवर्धन ने रजत पदक और गर्ल्स सिंगल्स अंडर-11 में हरसिमरत ने गोल्ड तथा मीरा ने रजत पदक जीता। अंडर-13 व अंडर-15 आयु वर्ग में याशना ने गोल्ड मेडल हासिल किया। 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में विकास दहिया ने रजत पदक प्राप्त किया। पुरुषों के 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में संदीप कल्याण ने रजत पदक जीता। अंडर-11 आयु वर्ग में भव्या ने रजत और यशवर्धन ने एक और गोल्ड मेडल जीता। लड़कों के युगल मुकाबले में अंडर-19 आयु वर्ग में आर्यन और प्रियांशु की जोड़ी ने रजत पदक जीता। पुरुषों के युगल मुकाबले में 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में विकास दहिया और दीपक की जोड़ी ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं संदीप कल्याण और प्रवीन कुमार ने रजत पदक जीता।

# हमें अपने देश की सेना पर गर्व होना चाहिएः यश सलूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। पत्रकारों से चर्चा करते उद्योगपति वेद सलूजा, यश सलूजा व दीपक सलूजा।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले तीन आतंकवादी ऑपरेशन महादेव के तहत मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं। यह अभियान सी सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में मारे गए। हम उन वीर सैनिकों को अपना सेल्यूट करते है। यह शब्द अनाज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष व उद्योगपति यश सलूजा ने कहें। उन्होने कहा कि हमारी सेना हर हमले का जवाब देने में सक्षम है, वह आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेती है। हमें अपने देश की सेना पर गर्व होना चाहिए। हमें विश्वास था कि एक दिन ऐसा आएगा, जब देश के दुश्मनों का खात्मा हमारी सेना करेगी। यह सिर्फ सैन्य सफलता का ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के लिए गर्व का क्षण है। देश को ऐसे ही आतंक मुक्त बनाना है। भारतीय जवानों के लिए शौर्य की बात है। इससे उन 26 निर्दोष लोगों के परिवारों को महादेव ऑपरेशन की कार्यवाही से सुकून मिलेगा। उन्होने कहा कि हमारी सेना के जवानों ने अपनी जान जोखिम में डालकर जिस तरह आतंकियों का सफाया किया है, वह गौरव का विषय है। इन सुरक्षाबलों को सम्मान मिलना चाहिए, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए इस तरह की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस अवसर पर वेद सलूजा, यश सलूजा, दीपक सलूजा भी मौजूद थे।



करनाल। जागृति, गोल्ड मेडल विजेता। फोटो : हरिभूमि

# ताइक्वांडो में करनाल की बेटियों ने जीते 6 पदक

**करनाल।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया की बेटियों ने 25 से 27 जुलाई तक कुरुक्षेत्र में आयोजित स्टेट लेवल अस्मिता ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर 6 पदक अपने नाम किए। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने खिलाड़ियों को अकादमी प्रांगण में सम्मानित किया। इस मौके पर खिलाड़ियों के अभिभावक भी मौजूद रहे। जागृति (अंडर 29 किलो वर्ग) ने गोल्ड, मानवी (अंडर 16 किलो वर्ग), आरवि मदान (अंडर 38 किलो वर्ग) और अक्षु (अंडर 18 किलो वर्ग) ने सिल्वर, जबकि ओजस्वी रोहिल्ला (अंडर 29 किलो वर्ग) और खुशी शर्मा (अंडर 51 किलो वर्ग) ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। "हमने यह जीत कड़ी मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से हासिल की।



# लायंस क्लब करनाल रॉयल ने सीएस स्कूल में नेत्र जांच शिविर लगाया

**करनाल।** लायंस क्लब करनाल रॉयल ने सी.एस. इंटरनेशनल स्कूल काछवा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। प्रधान संजीव कुमार, सचिव जसविंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह व कर्म सिंह की देखरेख में 750 बच्चों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 84 बच्चों की आंखों में कमजोरी पाई गई। क्लब जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराएगा। स्कूल प्रिंसिपल सुशील राणा ने क्लब व डा. अजय कुमार का आभार जताया। इस अवसर पर बलविंद्र लाठर, बंसी लाल सैनी, प्रियंका ढींगरा, भारती शर्मा सहित स्टाफ मौजूद रहा।

**खेलकूद** | खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीता

# अंडर-14 कबड्डी मैच में जोहड़ माजरा ने हिनोरी को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। इंद्री के गांव नन्हेड़ा मे चल रही खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले बच्चों के साथ बीईओ व अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने शहीद उधम सिंह स्टेडियम नन्हेड़ा में पहुंचकर खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया । खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने कहा कि खेल खिलाड़ी का हौसला ही नहीं बढ़ाते बल्कि देखने वालों का भी मनोरंजन करते हैं और उनके अंदर जोश भर देते हैं। उन्होंने खंड स्तर पर जीतने वाली सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें निरंतर मेहनत करनी होगी तभी वह जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बेहतर परिणाम ला सकेंगे। अत्यंत गर्मी व उमस के बीच खेलों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए उन्होंने सभी शारीरिक शिक्षकों की प्रशंसा की और कहा कि एकजुटता और समर्पण की भावना से यह सफलता हासिल पायी है। खेलों के संचालन में मुख्य रूप से संजीव कांबोज, महिंद्र खेड़ा, धर्मवीर लठवाल, बलविंदर सिंह, अनिल कुमार, संदीप संधू,बलवान, धीरज, प्रदीप, कुलदीप, सुभाष, सुनील व रणजीत ने भूमिका निभाई।

### ये रहे परिणाम

खेल सचिव बृजभूषण कंबोज ने बताया कि अंडर 17 कबड्डी मुकाबले में गढ़ी बीरबल ने हिनोरी को हराकर अपने स्कूल का परचम लहराया। अंडर 19 कबड्डी मैच में बीबीपुर जाटान ने ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल की टीम को हराकर जीत दर्ज की। अंडर 14 कबड्डी मैच में जोहड़ माजरा ने हिनोरी को हराया व 35 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में अनमोल मुरादगढ़ ने प्रथम, आलिफ छपरियों ने दूसरा स्थान हासिल किया। 38 किलोग्राम भार वाली कुश्ती में यश पहले स्थान पर, हीरा छपरियों ने दूसरे स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 41 किलो ग्राम कुश्ती विदित ज्ञान ज्योति प्रथम स्थान पर कुर्बान द्वितीय पर स्थान पर रहा, 44 किलोग्राम भार कुश्ती वर्ग हर्षित मुरादगढ़ विजेता रहे। 50 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में आयुष कलसौरा ने जीत दर्ज की, 62 किलो और 68 किलो में देवांग अनेजा सिटी हार्ट स्कूल ने प्रथम, अमरिंदर नन्हेड़ा पहले स्थान पर रहे, 70 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में समर्थ कांबोज ज्ञान भारती विजय हुए।

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समरसता कार्यक्रम तीन को

**पानीपत।** श्रावण पुर्णिमा एवं ब्राह्मण पर्व के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन तीन अगस्त को हरियाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुरूक्षेत्र की अनाज मंडी में किया जा रहा है। कार्यक्रम में का शुभारंभ हवन एवं यज्ञोपवीत संस्कार से होगा। कार्यक्रम में भट्ट, धीमान, जांगिड़, पांचाल, व्यास, कश्मीरी, जोगी, बैरागी, गौसाई, डाकौत, महा, मैथली, सारस्वत, त्यागी, गौड, भूमिहार, उपाध्याय व पूर्वाचंलि ब्राह्मण भाग लेंगे।

### विश्वकर्मा मंदिर में कार्यक्रम तीन को

**पानीपत।** नूरवाला की हरिसिंह कालोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन तीन अगस्त को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के जिला प्रधान इसम पांचाल ने बताया कि श्री विश्वकर्मा मंदिर में राम दरबार, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा एवं शिव शंकर जी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा तीन अगस्त को होगी, सुबह कलश यात्रा व प्राण प्रतिष्ठा व भंड़ारे का आयोजन होगा।

### इकेवाईसी अपडेट करें पात्र

**पानीपत।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक अधिकारी नीतू ने बताया कि जिला के सभी बीपीएल व एएवाई श्रेणी के कार्ड धारकों का पांच अगस्त तक प्रत्येक बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का इकेवाईसी अपडेट /वैरीफिकेशन का कार्य पूर्ण किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह कार्य कार्ड धारक द्वारा स्वयं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फेसियल ईकेवाईसी द्वारा किया जाना है।

### ईटीए की बैठक तीन को

**पानीपत।** इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन की कार्यकारणी की मीटिंग प्रधान नरेंद्र जैन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें तीन अगस्त को होने वाली जनरल मीटिंग की तैयारियों के बारे में विचार विमर्श हुआ। बैठक में एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र जैन, महासचिव योगेश गोयल, कैशियर प्रदीप जैन, अशोक मनुजा, नरेंद्र गांधी, सूरज बत्रा, अमित शर्मा, रोबिन, अमित बंसल, सचिन गर्ग, पवन अग्रवाल, पंकज जैन, विकास, विशाल शर्मा, देवेंद्र जैन व मनु महाजन आदि उपस्थित रहे।

### सत्य कर्म करने से मिलता है सुख

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेड़ी में जैन संतों रोहित मुनि महाराज श्रेयांश मुनि महाराज व रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चल रहे चातुर्मास के पहले रविवार को बैंकेट हॉल में प्रवचन का आयोजन हुआ। जिसका विषय था सुखी कैसे बनें रोहित मुनि जी महाराज ने फरमाया कि यदि हमारे मुख पर प्रसन्नता होगी तो दुःखी व्यक्ति भी सुखी बन जाएगा। हम पुण्य के बीज बोएंगे तो हमेशा सुखी रहेंगे। इससे जीवन की दिशा और दशा पर प्रभाव पड़ेगा।

### आप नेताओं ने बैठक की

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार के लिए बैठक की। बैठक में आप के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अहलावत, अनिल रंगा, अजय सिंगला, सुखबीर मालिक, जसवीर जस्सा, योगेश कौशिक, डॉ. नरेंद्र जेसिया, जितेंद्र जुनेजा, प्रीतपाल खेड़ा, जय गोपाल, सूरजभान राठी, संजीव गोयल आदि ने भाग लिया।

## बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को पुलिस, प्रशासन व समाज ने मिलाया हाथ

# बाल विवाह के खिलाफ एकजुट हुआ पानीपत

बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह मासूम जिंदगी के शोषण का कारण भी बनता है

पुलिस विभाग के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर बाल विवाह के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया



पानीपत। बाल विवाह के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान में शिकरत करते हुए पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह, आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हर बच्चा किताबों और सपनों से जुड़ा हो, शादी और जिम्मेदारी से नहीं। इसी उद्देश्य को लेकर पानीपत इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बुधवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर बाल विवाह के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया, जिसमें प्रशासन, पुलिस विभाग और एसोसिएशन ने मिलकर सक्रिय भागीदारी की। वहीं, कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने हस्ताक्षर कर अभियान का शुभारंभ किया। और संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह मासूम जिंदगी के शोषण का कारण भी बनता है। पानीपत पुलिस ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। यदि किसी को कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो बिना हिचक सूचना दें।

आपकी एक आवाज़ किसी बच्चे का जीवन संवार सकती है कानून आपके साथ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीएसपी सतीश वत्स, चाइल्ड मैरिज प्रोहिबिशन ऑफिसर एवं संरक्षण अधिकारी राजनी गुप्ता, तथा पानीपत इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज दुआ मौजूद रहे।

### पानीपत को बाल विवाह मुक्त बनाना ही लक्ष्य

एसपी भूपेंद्र ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य पर लगने वाली एक अमिट छाया है। मेरा यह दायित्व है कि हर बच्चे को उसकी उम्र के अनुसार शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का अवसर मिले। वहीं, पानीपत इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन की यह पहल एक सराहनीय कदम है, जो समाज को इस गंभीर विषय के प्रति जागरूक कर रही है। हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बना सकते हैं जहां हर बच्चा केवल खिलौनों और किताबों से रिश्ता रखे, न कि विवाह और जिम्मेदारियों से। जबकि अध्यक्ष पंकज दुआ, पानीपत इलेक्ट्रिकल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा कि हमारी संस्था केवल व्यापार तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी उतनी ही गंभीरता से निभाती है। बाल विवाह के खिलाफ यह हस्ताक्षर अभियान इस बात का प्रतीक है कि अब समाज चुप नहीं रहेगा। हमारा लक्ष्य है कि पानीपत को बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जाए, और इसके लिए हम प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ पूर्ण सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह अभियान इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि जब प्रशासन, पुलिस और समाज एक मंच पर आते हैं, तो किसी भी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य नितिन मदान, मनीष छाबड़ा, वनीत, निहित गोयल, पवन डावर, कालीचरण गुप्ता, अभिमन्यु बत्रा अंकुर बठला आदि भी उपस्थित रहे।

## आर्य स्कूल की छात्राओं ने मार्शल आर्ट में गोल्ड मेडल जीते



पानीपत। आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यालय जीटी रोड की चार छात्राओं ने अपनी वेट कैटेगरी में राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट पेनसेक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीते है। वहीं दो छात्राओं ने सिल्वर मेडल जीते। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हिसार के जाट कॉलेज में हुआ था। वहीं, गोल्ड मेडल विजेता छात्राओं का चयन सितंबर माह में कर्नाटक में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। वहीं, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री उमेद शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान वीरेंद्र पाढा, प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान व प्रिंसिपल मनीष घनघस ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। सभी ने छात्राओं से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लेने की अपील करते हुए कहा कि र्गशल आर्ट जहां स्वयं सुरक्षा का सशक्त साधन है, वहीं विश्व स्तरीय खेल भी है। वहीं, सभी ने पीटीआई संदीप आर्य को भी बधाई दी। इस अवसर पर सुरजीत, प्रशांत, प्रमोद चोपड़ा, कोच नरेंद्र व जूडो कोच पूजा आदि भी उपस्थित रहे।

### साइबर ठगों से सतर्क रहे जनता

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे में जानकारी देते हुए कहा कि साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में एक से दो घंटे तक काम करके हजारों रूपये प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। ऐसे लालच देने वालों से बचना चाहिए।

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंटोल ब्यूरो का नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा पानीपत पहुंचे और नए बस अड्डे पर चालक प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित करा उन्हें दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी सत्येंद्रनाथ बोस को उनकी जयंती पर भवभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

### बाल पुरस्कार को आवेदन मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। यह देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों पर राष्ट्रपति द्वारा हर साल प्रदान किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। वहीं, पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं।

## महिला शौचालय का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



पानीपत। भारत विकास परिषद के सदस्यगण निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए।

भारत विकास परिषद समालखा द्वारा शिवपुरी शमशान घाट में महिला शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष आनंद प्रकाश आर्य ने बताया कि शिवपुरी शमशान घाट समालखा में किसी के निधन के बाद महिलाएं भी पहुंचती हैं और महिला शौचालय न होने के कारण महिलाएं परेशान होती हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद समालखा शाखा के प्रेरणा से पूर्व पार्षद कुलभूषण अरोड़ा और उनकी धर्मपत्नी अंजलि अरोड़ा के विशेष सहयोग से शिवपुरी शमशान घाट में महिला शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसकी आज नींव डाली गई, नीव डालने से पहले विधिवत पूजा अर्चना की गई। शिवपुरी शमशान घाट के महाराज ने विधिवत गायत्री मंत्र के जाप व पूजा अर्चना के साथ कुलभूषण अरोड़ा व अंजलि अरोड़ा के हाथों से नींव के पत्थर को रखा गया। उसके उपरांत भारत विकास परिषद समालखा शाखा के अध्यक्ष आनंद प्रकाश आर्य, शिवपुरी शमशान घाट के प्रधान नवीन बेनीवाल, शाखा सेवा संयोजक रवि सचदेवा, पूर्व प्रधान सर्वजीत बंसल, पर्यावरण शाखा संयोजक डॉ विकास गर्ग एवं समाज सेवी दीपक चोपड़ा ने भी नींव में ईंट रखकर सहयोग किया। शिवपुरी शमशान घाट के अध्यक्ष नवीन बेनीवाल ने प्रसाद वितरण किया।

## बिजली कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

- निलंबित जेई अंकित को बहाल करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। बिजली निगम की इसराना सब डिवीजन पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम की इसराना व बापौली सब डिवीजन कार्यालयों पर बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं, हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले बिजली कर्मचारियों ने बुधवार को इसराना सब डिवीजन पर प्रदर्शन कर धरना दिया। आंदोलनकारी, इसराना सब डिवीजन पर तैनात जूनियर इंजीनियर अंकित को पद से निलंबित किए जाने का विरोध कर रहे हे। प्रदर्शनकारियों ने बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निलंबित जेई अंकित को बहाल करने की मांग की। दूसरी ओर, एचएसईबी वर्कर्ज यूनियन से जुडे कर्मचारियों ने बापौली सब डिवजीन में एसडीओ पर तानाशाही के आरोप लगाते हुए उनकी कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों को यूनियन के नेता राधेश्याम ने संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन ने कर्मचारियों की समस्याओं के हल के लिए दो बार एसडीओ को मांग पत्र सौंपा, एसडीओ ने कर्मचारियों की समस्याओं के निपटारे के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई।


## जैन किड्स स्कूल में बच्चों का जन्मदिन मनाया



**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में जून और जुलाई माह में जन्में विद्यार्थियों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल को रंग बिरंगे गुब्बारों व झालरों आदि से सजाया गया। इस उत्सव में जीवंत संगीत और स्वादिष्ट केक भी शामिल था। बच्चों ने प्रिंसिपल मोनिका सहगल और अन्य अध्यापिकाओं के साथ मिलकर केक काटा। बच्चों ने नृत्य, गायन और एक दूसरे के साथ बातचीत का आनंद उठाया। स्कूल सेक्रेटरी मनोज जैन ने बच्चों को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि शुभ दिन व पर्व सभी को मिल जुल कर मनाने चाहिए, इससे समाज में जहां सद्भावना बढती है, वहीं एकजुट रहने की प्रेरणा मिलती है।

## पुलिस से रिटायर हुए अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पुलिस कप्तान के साथ रिटायर हुए अधिकारी व कर्मचारी।

जिला पुलिस से इंस्पेक्टर विलासा राम, जयबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र कुमार, दलबीर सिंह, राजबीर सिंह, कपूर सिंह (उपरोक्त सभी आनरेरी इंस्पेक्टर), ईएचसी रामनिवास व सुरेश कुमार व सिपाही परमजीत सिंह, पुलिस विभाग से सेवानिवृत हो गए। वहीं उपरोक्त के सम्मान में जिला पुलिस विभाग की ओर से जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। विदाई पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सेवानिवृत हुए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व उपहार देकर अच्छे स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। इधर, एसपी सिंह ने कहा कि सेवानिवृति के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है। वहीं, पुलिस विभाग की ओर से सेवानिवृतों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर डीएसपी सतीश वत्स, इंस्पेक्टर वेदपाल, एसपी रीडर एएसआई सुभाष, सेना क्लर्क रविंद्र, सुरक्षा शाखा इंचार्ज एएसआई राकेश आदि उपस्थित रहे।

## पानीपत के हर घर में तलाशा जाएगा कुष्ट रोगी

- शहरी व ग्रामीण अंचल में 1 से 14 अगस्त तक कुष्ट रोग खोज अभियान चलेगा, स्वास्थ्य विभाग की 952 टीमें गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले में अगले माह कुष्ट रोग खोज अभियान कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिसमें विभाग की टीमें घर-घर जाकर जांच करेगी व साथ ही साथ उन्हें जागरूक करने का कार्य भी करेगी। यह अभियान जिले भर में एक से 14 अगस्त तक निरंतर जारी रहेगा। उपायुक्त डॉ. दहिया ने जिला वासियों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सहयोग की अपील की है। कुष्ट रोग छूत की बीमारी नहीं है। कुष्ट रोग एनडीटी से पूर्णत्य ठीक हो सकता है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कुष्ट रोग का ईलाज निःशुल्क किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने बताया कि पानीपत जिले की कुल जनसंख्या 1397350 है व कुल घर 305204 है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच के लिए 952 टीमें गठित की गई है। जो घर-घर जाकर कुष्ट रोग के संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करेगी। 190 सुपरवाइजर जांच का कार्य करेगे। 1904 टीम के कुल सदस्य है। इसमें 29 मेडिकल अधिकारी व 28 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो इस अभियान को मजबूती के साथ सफल बनाएंगे।

### कार्रवाई की गई

डॉ. मलिक ने बताया कि कुष्ट रोग कहीं भी हो सकता है। इसकी पहचान यह है कि इसमें दर्द नहीं होता, जलन या चुभन नहीं होती। चमड़ी पर लाल तामिया दाग, चमड़ी पर तेलिया चमक, हाथ पैरो में सूनापन, खुखापून कुष्ट रोग हो सकता है। जिनमें खुजली या चुभन हो सकती है जो सफेद, काले या गहरे लाल रंग के हो जो अचानक प्रकट या गायब हो जाए और तेजी से फैले ये सभी चिन्ह कुष्ट रोग के नहीं है। जिला कुष्ट रोग अधिकारी डॉ. लाभ सिंह ने बताया कि कुष्ट रोगी के साथ अन्य लोगों की तरह सामान्य व्यवहार किया जाना चाहिए। रोगी पूरी तरह से सामान्य जीवन जी सकता है।

### मारपीट करने के आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस टीम ने थिराना गांव में बाइक सवार पंकज का रास्ता रोककर लाठी डंडों से मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने के दो नाबालिक सहित तीन आरोपियों धर्मवीर को गिरफ्तार किया। थाना मतलौडा प्रभारी पवन ने बताया कि पंकज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि इस मामे में पंकज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सूआ से हमला करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की कृष्णपुरा चौकी पुलिस ने शिवनगर में चाय की दुकान के बाहर अमित पुत्र राजू को बर्फ तोड़ने वाले सूआ व बेल्ट से चोट मारने मामले में आरोपी हाली कॉलोनी निवासी सारिक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कृष्णपुरा चौकी में अमित की शिकायत पर केस दर्ज है।

### फसल बीमा करवाएं किसान

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई, तक योजना में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, कपास, मक्का और मूंग जैसी प्रमुख खरीफ फसलों का बीमा करवाने का आह्वान किया।

### सरचार्ज माफी योजना का लाभ लें

**पानीपत।** पानीपत जिला के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई 'सरचार्ज माफी योजना के तहत अब उपभोक्ता अपने पुराने बिजली बिलों का भुगतान केवल मूल राशि के आधार पर कर सकेंगे। योजना के तहत चालू वर्ष की 31 अगस्त तक के बकाया बिजली बिलों पर लगाया गया पूरा सरचार्ज फ्रीज कर दिया गया है। इस योजना का लाभ 11 नवंबर तक लिया जा सकता है।

**प्रदर्शन** एक अगस्त को ब्लैक डे के तौर पर मनाया जाएगा

# यूपीएस मंजूर नहीं ओपीएस बहाल करे सरकार : शर्मा

कर्मचारी हाथ में काली पट्टी बांधकर यूपीएस का विरोध दर्ज करेंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के सदस्य प्रदर्शन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पेंशन बहाली संघर्ष समिति की केंद्रीय मीटिंग नए बस स्टैंड स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। समिति के जिला प्रधान विजय शर्मा ने बताया की सरकार द्वारा एक अगस्त से कर्मचारियों को यूपीएस एवं एनपीएस का विकल्प दिया जाएगा, जबकि कर्मचारियों की मांग हमेशा पुरानी पेंशन की रही है और पिछले कई सालों से कर्मचारी एनपीएस का विरोध करता आ रहा है लेकिन फिर भी सरकार कर्मचारियों पर जबरदस्ती यूपीएस थोपना चाहती है। यूपीएस स्कीम कर्मचारी को पेंशन देने के लिए नहीं बल्कि कर्मचारियों की जीवन भर की बचत को छीन कर ना मात्र पेआऊट देने की स्कीम मात्र है। जिसको लेकर एक अगस्त को ब्लैक डे के तौर पर मनाया जाएगा। सभी विभागों के कर्मचारी अपने कार्य स्थल पर हाथ में काली पट्टी बांधकर या काला कपड़ा पहनकर यूपीएस का विरोध दर्ज करेंगे और जिला मुख्यालय पानीपत पर रोष प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपेंगे। मीटिंग में मुख्य रूप से मुकेश पटवारी, नरेंद्र मान, श्याम सुंदर मास्टर, प्रदीप जांगड़ा, महीपाल घणघस, अमरजीत मलिक, अजेन्द्र कुंडू व सुलतान मलिक आदि उपस्थित रहे।

### संतोष भाटिया की आंखें दान की



**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन निवासी 80 वर्षीय संतोष भाटिया इस संसार को अलविदा की गई। वहीं परिजनों ने संतोष की इच्छा को पूरा करते हुए उनकी दोनों आंखों को जन सेवा दल के सहयोग से माधव नेत्र बैंक को दान कर दिया। वहीं माधव नेत्र बैंक के डॉ. चंद्र मोहन चावला व डा. सुनील ने नेत्रों का दान लिया। संतोष की आंखों से दो दो लोगों को रोशनी मिलेगी। सचिव चमन गुलाटी कहा कि जीते जी अपने अंग डोनेशन, बॉडी डोनेशन, आई डोनेशन फॉर्म भर कर देना चाहे तो उसके लिए भी फार्म उपलब्ध है। कृष्ण मनचंदा, कमल गुलाटी, चमन गुलाटी ने कहा कि देह व अंग दान करने से रोगियों को जीवनदान मिल जाता है।

